# गुरु महाराज के जीवन दर्शन पर संगोष्ठी

**पटना सिटी ( आससे )।** किला रोड स्थित श्री गुरु गोविंद सिंह कॉलेज में श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के जीवन दर्शन पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य प्रो डॉ मनोज कुमार ने की।. संगोष्ठी में मुख्य वक्ता विनोद कुमार सिंह यादव ने कहा कि गुरु महाराज के राम अवतार



छवि को भी रेखाकिंत किया.तब आरएसएस के डॉ मोहन सिंह ने कहा कि श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज का जीवन दर्शन मानवता की धरोहर है। संगोष्ठी में धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन महेंद्र पाल सिंह ढिल्लन ने भी विचार रखे।. कार्यक्रम का संचालन डॉ उमेश कुमार ने की। इस मौके पर विषय प्रवेश पूर्व विभाग अध्यक्ष इतिहास विभाग डॉ विजय नारायण सिंह ने करायी. कार्यक्रम का समापन इतिहास विभागाध्यक्ष कुमारी मंजरी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ. आयोजन में शिक्षक,कर्मी अजय सिंह चप्पू व विद्यार्थी समेत अन्य उपस्थित थे।

## महोत्सव में सम्मानित व्यक्ति का कोई मापदंड नहीं

**पटना सिटी ( आससे ) ।** पूर्णिमा की चांदनी रात में आयोजित होने वाले कौमुदी महोत्सव में सम्मानित व्यक्ति के कोई मापदंड नहीं रहने पर समाजिक, साहित्य,कला, पत्रकारिता,लेखक समेत अन्य क्षेत्रों में महारथ हासिल करने वाले लोगों में रोष व्याप्त है। विभिन्न क्षेत्रों के लोगों का कहना है चयनकर्ता वैसे लोगों को सरकारी महोत्सव कार्यक्रम में मंच पर सम्मानित कराते है जिनका उस क्षेत्र से कुछ ज्यादा उपलब्धियां नहीं है ।लोगों का आरोप है कि अनुमंडल प्रशासन का चयन में कोई रूचि नहीं रहने से ऐसी बातें होती है।

# बिहार रेजीमेंट के 31वें द्विवार्षिक एवं 15वें पुनर्मिलन सम्मेलन का आयोजन

## वीर स्मृति स्थल पर शहीदों को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

**दानापुर ( आससे )।** बिहार रेजीमेंट सेंटर के 31वें द्विवार्षिक एवं 15वें पुनर्मिलन सम्मेलन के अवसर पर आज यहां वीर स्मृति स्थल पर एक गरिमापूर्ण पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख सेनाधिकारियों ने राष्ट्र की रक्षा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले बिहार रेजीमेंट के वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में मेजर जनरल जय सिंह बैंसला, सेना मेडल, कर्नल ऑफ द बिहार रेजीमेंट, लेफ्टिनेंट जनरल आकाश जौहर, अति विशिष्ट सेवा मेडल, मेजर जनरल कमलदीप जसपाल, निवर्तमान समादेष्टा, बिहार रेजीमेंट केंद्र, ब्रिगेडियर राकेश कुमार बोरा, समादेष्टा, बिहार रेजीमेंट केंद्र, पूर्व कर्नल्स एवं कमांडेंट्स, वरिष्ठ सैन्य अधिकारीगण, विभिन्न बटालियनों के कमान अधिकारी तथा सूबेदार मेजर ने वीर स्मृति स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर वीर बलिदानियों को नमन किया।

समारोह का एक विशेष एवं भावपूर्ण क्षण वह रहा, जब मेजर जनरल जय सिंह बैंसला, लेफ्टिनेंट जनरल आकाश जौहर, मेजर जनरल कमलदीप जसपाल तथा ब्रिगेडियर राकेश कुमार बोरा ने पूर्व कर्नल ऑफ़ द विहार रेजीमेंट, लेफ्टिनेंट जनरल (स्वर्गीय) कुलवंत सिंह मान, परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल की प्रतिमा पर विशेष श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर रेजीमेंट के



प्रति उनके अमूल्य योगदान, नेतृत्व और गौरवशाली सैन्य विरासत को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया।

जनरल स्वर्गीय मान का जीवन, उनका अद्वितीय नेतृत्व और विहार रेजिमेंट के प्रति उनका समर्पण हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा। वर्ष 1960 में 3 बिहार बटालियन से अपने सैन्य जीवन की शुरुआत करने वाले जनरल स्व मान का रेजिमेंट के इतिहास में एक अमूल्य योगदान रहा है। वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान, उन्होंने 10 बिहार बटालियन के साथ पूर्वी थिएटर में ऐतिहासिक 卐बैटल ऑफ अखौरा卐 में अपनी बहादुरी और युद्ध कौशल का लोहा मनवाया। इतना ही नहीं, उन्होंने 12 बिहार बटालियन को खुद अपने हाथों से खड़ा किया किया और उसके पहले कमांडिंग ऑफिसर के रूप में बटालियन को गौरवशाली राह दिखाई। वह 10 नवंबर 1990 से 1 नवंबर 1996 तक बिहार रेजिमेंट के छठे कर्नल ऑफ द रेजिमेंट रहे। अपनी असाधारण योग्यता के बल पर सेना मुख्यालय में 25वें डीजी इन्फैंट्री के सर्वोच्च पद तक पहुंचना तथा रेजिमेंट के विकास में उनका योगदान हम सभी के लिए गौरवान्वित है। राष्ट्र के प्रति उनकी विशिष्ट और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें परम विशिष्ट सेवा मेडल तथा अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया गया।

जबकि जनरल मान साहब आज हमारे बीच उपस्थित नहीं हैं, लेकिन उनके आदर्श, उनका नेतृत्व और रेजिमेंट के प्रति उनका योगदान सदैव हमारी स्मृतियों में जीवित रहेगा। उनकी गौरवशाली विरासत हमें कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और रेजिमेंट के सम्मान को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा देती रहेगी।

इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने वीर शहीदों के अदम्य साहस, अतुलनीय वीरता, सर्वोच्च बलिदान और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण को नमन किया। वीर स्मृति स्थल पर अर्पित पुष्पांजलि मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और गर्व की भावना का प्रतीक बनी।समारोह में बिहार रेजीमेंट के पूर्व सैनिकों, विभिन्न बटालियनों के कमान अधिकारी, अधिकारीगण, सूबेदार मेजर, सरदार साहेबान तथा अन्य पदों ने भी भाग लिया। सभी ने वीर बलिदानियों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके अद्वितीय योगदान और प्रेरणादायी विरासत को स्मरण किया।

# कौमुदी महोत्सव के आमंत्रण कार्ड का परिषद् ने किया विरोध

## समय से नहीं मिले कार्ड, कार्ड में परिषद् का नाम नहीं

**पटना सिटी ( आससे )।** गुलजारबाग स्टेडियम मैदान में रविवार को कला संस्कृति एवं युवा



विभाग व जिला प्रशासन की ओर से आयोजित होने वाली कौमुदी महोत्सव के आमंत्रण कार्ड में व्यापक गड़बड़ी को लेकर पाटलिपुत्र परिषद के लोगों ने मंगल तालाब स्टेडियम के पास विरोध प्रदर्शन किया।

साथ जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन करने वाले परिषद् के महासचिव संजीव कुमार यादव का कहना है कि जिला प्रशासन महोत्सव का कार्ड समय से उपलब्ध नहीं कराया, साथ ही कार्ड में लगातार महोत्सव कराने वाले पाटलिपुत्र परिषद का कहीं भी नाम नहीं है साथ ही कार्ड समय पर नहीं मिलने पर कार्ड मीडिया कर्मी समेत अन्य को नहीं मिला। श्री यादव ने कहा कि अगले साल की तरह इस बार भी बिना प्रचार -प्रसार के महोत्सव में कुर्सियां खाली रह जाएगी।

# नंबर बदलकर चोरी की बाइक से घूम रहे दो बदमाश गिरफ्तार

फुलवारी शरीफ. चोरी की बाइक का नंबर प्लेट बदलकर घूम रहे दो बदमाशों को एम्स पटना टीओपी प्रभारी रवि कुमार ने वाहन जांच के दौरान एम्स गोलंबर के पास गिरफ्तार किया. गिरफ्तार आरोपितों की पहचान रानीपुर ब्रह्मपुर निवासी स्व. रामानंद राय के पुत्र ओम प्रकाश कुमार और फुलवारी शरीफ के नवादा निवासी स्व. राम बच्चन पासवान के पुत्र सुरेंद्र कुमार के रूप में हुई है. पुलिस ने इनके पास से चोरी की अपाचे टीवीएस बाइक भी बरामद कर ली.

पूछताछ में दोनों ने पुलिस को बताया कि सात अक्टूबर 2026 को फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के बिरला कॉलोनी से अपाचे बाइक क्र क्र 01 डी 4/3054 चोरी की थी. इसके बाद बाइक का नंबर प्लेट बदलकर उसका इस्तेमाल कर रहे थे. बिरला कॉलोनी निवासी सूर्यांश राज ने सात अक्टूबर को अपनी अपाचे बाइक चोरी होने की प्राथमिकी फुलवारी शरीफ थाना में



दर्ज करायी थी.

पुलिस के अनुसार पूछताछ में दोनों आरोपितों के पूर्व में भी शराब, बाइक चोरी और मारपीट समेत कई आपराधिक मामलों में जेल जाने की जानकारी मिली है. सुरेंद्र कुमार के पूर्व में सिविल कोर्ट में पेशी के दौरान पुलिस अभिरक्षा से फरार होने की बात भी सामने आयी है. फिलहाल दोनों जमानत पर बाहर थे. पुलिस को आशंका है कि चोरी की बाइक का इस्तेमाल दोनों आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने में करते थे. पुलिस दोनों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई कर रही है.

## राइस मिल मालिक से पिस्तौल के बल पर एक करोड़ की रंगदारी मांगी

फुलवारी शरीफ. गौरीचक थाना क्षेत्र के कंडाप गांव में राइस मिल संचालक से पिस्तौल के बल पर एक करोड़ रुपये रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है. कंडाप निवासी स्व. रामदेव सिंह के पुत्र संजय कुमार ने गौरीचक थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बबलू सिंह उर्फ संजय सिंह डाबला और उसके भाई धीरेंद्र कुमार सिंह पर आरोप लगाया है. संजय कुमार के अनुसार 23 अक्टूबर की रात करीब 8:40 बजे दोनों आरोपी उसके बालाजी राइस मिल में घुस गये और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी. आरोप है कि दोनों ने कमर से पिस्तौल निकालकर एक करोड़ रुपये रंगदारी की मांग की. उन्होंने धमकी दी कि जब तक एक करोड़ रुपये नहीं दिए जाएंगे, तब तक राइस मिल नहीं चलने देंगे. पीड़ित के अनुसार दोनों ने मिल चलाने के लिए पहले रंगदारी देने की बात कही.

# एम्स पटना और डीबीटी-बीआईआरएसी स्वास्थ्य क्षेत्र में नये आविष्कारों को देंगे बढ़ावा

फुलवारी शरीफ. स्वास्थ्य क्षेत्र में नए आविष्कारों को बढ़ावा देने और उन्हें मरीजों व आम लोगों तक पहुंचाने की दिशा में एम्स पटना और भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत कार्यरत बायोटेक्नोलॉजी इंडस्ट्री रिसर्च असिस्टेंस काउंसिल (बीआईआरएसी) ने महत्वपूर्ण पहल की है. शनिवार को एम्स पटना के सभागार में 'वैश्विक स्वास्थ्य नवाचार के लिए नियामकीय तैयारी' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी. इसका आयोजन एम्स पटना के नवाचार केंद्र, एम्स पटना इन्क्यूबेशन एंड इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से किया गया. कार्यशाला का उद्देश्य डॉक्टरों, शोधकर्ताओं, स्टार्टअप और स्वास्थ्य क्षेत्र में नए उत्पाद विकसित करने वाले नवाचारकर्ताओं को नियामकीय प्रक्रियाओं की जानकारी देना था, ताकि सुरक्षित, प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य उत्पाद विकसित किए जा सकें. कार्यक्रम में सरकारी अधिकारियों, नियामक विशेषज्ञों,



शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया. इस दौरान शोध और नए विचारों को उपयोगी स्वास्थ्य उत्पादों में बदलने के तरीकों पर चर्चा हुई. कार्यक्रम में भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार एवं वैज्ञानिक-एच तथा बीआईआरएसी के प्रबंध निदेशक डॉ. धनंजय के. तिवारी, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के उप औषधि नियंत्रक (भारत) शिव कुमार, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोलॉजिकल्स, नोएडा की निदेशक डॉ. नीलिमा मिश्रा तथा बीआईआरएसी की उप महाप्रबंधक एवं नियामकीय मामलों, नीति और पैरवी विभाग की प्रमुख डॉ. सोनिया गांधी समेत कई विशेषज्ञ शामिल हुए.

एम्स पटना की ओर से कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल, डीन (रिसर्च) एवं कम्युनिटी एंड फैमिली मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष प्रो. डॉ. संजय पांडेय, ईएनटी विभाग की अध्यक्ष एवं एपीआईआईसी की प्रधान अन्वेषक डॉ. क्रांति भावना, हड्डी रोग विभाग के प्रोफेसर एवं एपीबीएफआई के प्रधान अन्वेषक डॉ. सुदीप कुमार, ट्रॉमा एवं इमरजेंसी विभाग के अध्यक्ष तथा एपीआईआईसी के सह-प्रधान अन्वेषक डॉ. अनिल कुमार और एपीआईआईसी की सीईओ एवं एपीबीएफआई की सलाहकार डॉ. मौसमी साहा ने भाग लिया.

कार्यशाला में बिहार में रेगुलेटरी फैसिलिटेशन क्लस्टर स्थापित करने का प्रस्ताव प्रमुख रहा. इसके तहत एम्स पटना के एपीआईआईसी, आईसीएमआर-राजेंद्र मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, पटना, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, हाजीपुर और आईआईटी पटना के इनोवेशन सेंटर को एक साथ जोड़ने की परिकल्पना की गयी है. इससे स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करने वाले नवाचारकर्ताओं को विशेषज्ञ सलाह और तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया जा सकेगा.

# नवदुर्गा मंदिर से बोली मोहल्ला तक मारपीट, चाकूबाजी में युवक जख्मी

**फुलवारी शरीफ.** फुलवारी शरीफ के सदर बाजार में शनिवार देर रात दो गुटों के युवकों के बीच अचानक जमकर मारपीट हो गयी. नवदुर्गा मंदिर से लेकर बोली मोहल्ला के बीच का पूरा इलाका मारपीट का क्षेत्र बन गया. देखते ही देखते दोनों गुटों के युवक आमने-सामने हो गये और एक-दूसरे पर लाठी-डंडे, बेल्ट सहित जो सामान हाथ लगा, उसी से हमला करने लगे. इसी दौरान चाकूबाजी भी हो गयी, जिसमें एक युवक जख्मी हो गया. चाकू लगने के बाद युवक खून से लथपथ होकर मौके पर गिर पड़ा, जबकि मारपीट में शामिल युवक वहां से फरार हो गये. मारपीट के दौरान नवदुर्गा मंदिर के पास दशहरा के समय से रखा टेबल-कुर्सी भी युवकों ने उठाकर तोड़फोड़ कर दी. अचानक हुई मारपीट और चाकूबाजी से सदर बाजार के दुकानदारों में अफरातफरी मच गयी. चौराहा से लेकर चुनौती कुआं और थाना गोलंबर तक देखते ही देखते कई दुकानें धड़ाधड़ बंद हो गयीं. लोगों ने अपने घरों के खिड़की-दरवाजे भी बंद कर लिये.

घटना की सूचना मिलते ही फुलवारी शरीफ थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गयी. देर रात तक पुलिस की गाड़ियां इलाके में गश्त करती रहीं. स्थिति को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गयी. पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर मारपीट और चाकूबाजी में शामिल युवकों की पहचान करने में जुटी है. जख्मी युवक की पहचान अभी नहीं हो पायी है. हालांकि जख्मी युवक स्थानीय मोहल्ले का ही रहने वाला है.

फुलवारी शरीफ के एडिशनल एसएचओ दिवाकर ने बताया कि दो गुटों के युवकों के बीच मारपीट हुई है. चाकू लगने से एक युवक जख्मी हुआ है, जिसे इलाज के लिए एम्स पटना भेजा गया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है और मारपीट में शामिल युवकों का पता लगाया जा रहा है

# एम्स में चिकित्सा अनुसंधान पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**फुलवारी शरीफ.** एम्स पटना के जैव रसायन विभाग की ओर से एम्स देवघर के स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के तकनीकी संसाधन केंद्र के सहयोग से 23 और 24 अक्टूबर को चिकित्सा अनुसंधान पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी. इसमें बिहार के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. कार्यशाला का उद्देश्य वैज्ञानिक शोध को बढ़ावा देने और शोध के निष्कर्षों के आधार पर बेहतर उपचार संबंधी निर्णय लेने के लिए चिकित्सकों को प्रशिक्षित करना था.

कार्यशाला एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल के मार्गदर्शन में हुई. जैव रसायन विभाग की अध्यक्ष प्रो. साधना शर्मा आयोजन अध्यक्ष तथा एम्स देवघर के डीएचआर-टीआरसी के प्रधान अन्वेषक डॉ. शेषाद्रि रेड्डी वरिकासुवु आयोजन सचिव रहे.

प्रतिभागियों को शोध के लिए सही प्रश्न तैयार करने, वैज्ञानिक जानकारी जुटाने, शोध की योजना बनाने, आंकड़ों का विश्लेषण और



शोध परिणामों की विश्वसनीयता परखने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया. एम्स देवघर के डॉ. शेषाद्रि रेड्डी वरिकासुवु, एम्स नई दिल्ली के डॉ. प्रदीप कुमार और स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के डॉ. विकास धिकाव ने विशेषज्ञ के रूप में मार्गदर्शन दिया.

कार्यशाला में ग्रेड पद्धति, व्यवस्थित समीक्षा और मेटा-विश्लेषण पर भी चर्चा हुई. विशेषज्ञों ने बताया कि वैज्ञानिक प्रमाणों के सही आकलन से उपचार संबंधी दिशा-निर्देश तैयार करने और मरीजों के इलाज के बेहतर विकल्प चुनने में मदद मिलती है. इससे बिहार के चिकित्सा संस्थानों में अनुसंधान क्षमता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को मजबूत करने में मदद मिलेगी.

## एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस के प्रति जागरूकता को लेकर बैठक

**पटना सिटी ( आससे )।** अगमकुआं स्थित राजकीय फार्मेसी संस्थान शनिवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस व राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह पर एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस को लेकर संस्थान के प्राचार्य डॉ रामकुमार चौधरी की अध्यक्षता में बैठक हुई. बैठक में बिहार राज्य समन्वयक एवं पीसीआई सदस्य डॉ. कुमार अजय, राज्य सह-समन्वयक डॉ. धर्मेंद्र सिंह, सहायक प्राध्यापक डॉ. नितेश कुमार, राजीव सत्यार्थी, ए.ए. गुप्ता, डब्लू कुमार, निरंजन कुमार, उत्सव आनंद, गुंजन राज, गोपाल कुमार, मो. तौफीक अहमद, मो. सरफराज एवं सुश्री रिचा समेत अन्य उपस्थित थे।

इस मौके पर प्राचार्य ने बताया की बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करना, संस्थानों के बीच समन्वय स्थापित करना तथा विद्यार्थियों एवं आम जनता के बीच जनस्वास्थ्य संबंधी जागरूकता को बढ़ावा देना था.

## पोलियोरोधी खुराक पिलाकर उन्मूलन का दिया संदेश

**पटना सिटी. ( आससे ) ।** रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी की ओर से इंटरैक्ट क्लब के बच्चों के सहयोग से हाजीगंज स्थित सर्वोदय इन्फेंट अकैडमी परिसर में विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर पोलियो उन्मूलन का संदेश दिया। इस



मौके पर. क्लब के अध्यक्ष पंकज किशोर सिंह ने कहा कि पोलियो से बचाव के लिए बच्चों को खुराक जरूरी है। भारत पोलियो मुक्त होने के कतार पर है लेकिन पड़ोसी देश पाकिस्तान, बंगाल देश में पोलियो के मरीज मिल रहे हैं ऐसे में जागरूकता जरूरी है। अभियान में क्लब के अनंत अरोड़ा,अमित सिंह,कृष्ण कुमार यादव, अंशु गौतम, अमित कुमार सिंह, के साथ विद्यालय के शिक्षक महेश ठाकुर, सोनू, अनीश, दीपक, पिंकी समेत अन्य शामिल हुए. इस दौरान स्वस्थ, सुरिक्षत और पोलियो मुक्त भारत के निर्माण की शपथ ली.। इससे पहले शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मारूफगंज के चिकित्सक डॉ विजय ने नर्सों के सहयोग से बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई।

## स्टैलियनस पैन-हिमालयन ईवी राइडर्स एक्सपीडिशन दल को मेजर जनरल ने झंडी दिखाकर किया रवाना

दानापुर ( आससे ) । आर्मी सर्विस कोर के 266वें स्थापना दिवस एवं 12वें एएससी रीयूनियन समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित स्फै ङ्क स्टैलियन्स पैन-हिमालयन ईवी राइडर्स एक्सपीडिशन 4,850 किलोमीटर की एक उल्लेखनीय यात्रा पर अग्रसर है। हिमालयी क्षेत्र, गंगा के मैदानी इलाकों एवं पूर्वोत्तर भारत से गुजरने वाला यह अभियान सतत परिवहन की संभावनाओं को प्रदर्शित कर रहा है। अभियान दल का 22 अक्टूबर 2026 को दानापुर छावनी में सेंट्रल लेग के लिए ब्रिगेडियर अमित बेदी, स्टेशन कमांडर, झारखंड एवं बिहार सब एरिया द्वारा फ्लैग-इन किया गया। 23 अक्टूबर 2026 को अभियान दल ने बिहार वॉर मेमोरियल पर पुष्पचक्र अर्पित कर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को नमन कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इसके उपरांत आज यहां मेजर जनरल जितेंद्र सिंह, वीएसएम ,जनरल ऑफिसर कमांडिंग, झारखंड एवं बिहार सब एरिया ने अभियान के ईस्टर्न लेग को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्फै - अभियान नवाचार, पर्यावरण संरक्षण एवं सतत परिवहन के प्रति भारतीय सेना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# आईटीबीपी के क्षेत्रीय मुख्यालय पटना में धूमधाम से मना बल स्थापना दिवस

**फुलवारी शरीफ.** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के क्षेत्रीय मुख्यालय, पटना के फुलवारी शरीफ में शनिवार को बल स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया. समारोह का नेतृत्व क्षेत्रीय मुख्यालय, पटना के उप महानिरीक्षक दिनेश कुमार ने किया. इस दौरान आईटीबीपी के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध परंपराओं, अनुशासन और राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति बल के अटूट समर्पण को याद किया गया. समारोह में अधिकारियों और हिमवीरों को देश की सुरक्षा और सेवा में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा, साहस और समर्पण के साथ करने के लिए प्रेरित किया गया. जवानों को बल की गौरवशाली परंपराओं को बनाए रखने और कर्तव्य के प्रति सदैव सजग रहने का संदेश दिया गया.




इस अवसर पर उप महानिरीक्षक दिनेश कुमार ने आईटीबीपी के सभी अधिकारियों और जवानों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं. उन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा, सेवा और समर्पण के मूल्यों को सर्वोपरि रखते हुए पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया. समारोह के दौरान जवानों में देशभक्ति, अनुशासन और संगठन के प्रति प्रतिबद्धता की भावना को मजबूत करने पर जोर दिया गया. कार्यक्रम में राष्ट्रसेवा के संकल्प को दोहराते हुए बल की गौरवशाली परंपराओं के अनुरूप कार्य करने की प्रेरणा दी गई.

## सोनपुर मेले में अब नहीं भटकेंगे श्रद्धालु, हर जोन में मिलेगी सुविधा

**हाजीपुर/सोनपुर ( कोर्ट ) ।** विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला में इस बार आने वाले श्रद्धालुओं को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। जिला प्रशासन ने पूरे मेला क्षेत्र को छोटे-छोटे जोन में बांटकर हर जोन में शौचालय, पेयजल, रोशनी और पार्किंग की व्यवस्था करने की रणनीति बनाई है। शनिवार को सारण जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव और वरीय पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने अधिकारियों के साथ मेला क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण कर इसको लेकर सख्त निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने प्रशासनिक कैंप से लेकर मेला परिसर तक पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कहा अंधेरा है, कहां सड़क टूटी है और कहां अतिक्रमण है, इसका मौके पर ही नोट लेकर संबंधित विभागों को सुधार करने को कहा गया।

जिलाधिकारी ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इस बार मेला क्षेत्र में कम से कम पाच सौ अस्थायी शौचालय बनाए जाएंगे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए इन्हें पच्चास स्थानों पर दस-दस के क्लस्टर में लगाया जाएगा। प्रत्येक क्लस्टर में महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय, वॉश बेसिन और 24 घंटे जलापूर्ति की व्यवस्था रहेगी। साफ-सफाई और रखरखाव के लिए अलग टीम तैनात की जाएगी। पेयजल के लिए जगह-जगह प्वाइंट और टैंकर लगाए जाएंगे। रात्रि में सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए पूरे मेला क्षेत्र तथा वहां तक पहुंचने वाले सभी प्रमुख संपर्क मार्गों पर स्ट्रीट लाइट और हाई मास्ट लाइट लगाई जाएगी। अंधेरे वाले स्थलों को प्राथमिकता के आधार पर रोशन किया जा येगा। वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पार्किंग के लिए बड़े मैदानों को चिह्नित किया जा रहा है। इन स्थलों को समतल कर अतिक्रमणमुक्त बनाया जाएगा, ताकि वाहनों के प्रवेश-निकास में परेशानी न हो और स्थानीय नागरिकों के आवागमन में बाधा न आए।

# महावीर मन्दिर में संध्या आरती अब शाम 7.30 बजे से होगी

**पटना ( आससे ) ।** महावीर मन्दिर में 26 अक्टूबर से संध्या आरती के समय में परिवर्तन किया जा रहा है। अब मन्दिर में प्रतिदिन संध्या आरती शाम 7.30 बजे से होगी। इससे पहले संध्या आरती का आयोजन शाम 8 बजे हो रही थी।

महावीर मन्दिर प्रबंधन के अनुसार, आश्विन पूर्णिमा से संध्या आरती के समय में यह बदलाव लागू होगा। मन्दिर में आने वाले श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि वे नई समय-सारणी के अनुसार अपनी पूजा-अर्चना की योजना बनाएं, ताकि वे निर्धारित समय पर संध्या आरती में शामिल होकर भगवान के दर्शन एवं आरती का लाभ प्राप्त कर सकें।

श्री महावीर स्थान न्यास समिति के सचिव सायण कुणाल के मुताबिक हर साल दुर्गापूजा के बाद और आश्विन पूर्णिमा से संध्या आरती के समय में बदलाव किया जाता है। संध्या आरती के समय में बदलाव के अतिरिक्त मन्दिर में होने वाली अन्य सभी आरती पूर्व निर्धारित समय के अनुसार ही संपन्न होंगे। महावीर मंदिर के अन्य आरती के समय में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है।

## प्रतिमा विसर्जन के बाद घाटों पर हुई सफाई

**पटना सिटी ( आससे ) ।** पटना नगर निगम अजीमाबाद व सिटी अंचल की ओर से दुर्गा पूजा में स्थापित मां भगवती की प्रतिमाओं के विसर्जन के उपरांत मलबे को हटाने और घाटों की सफाई का कार्य आरंभ कराया गया.। भद्रघाट एवं गायघाट पर प्रतिमा विसर्जन के बाद वहां जेसीबी से मलबे को हटाकर हाइवा से बैरिया भेजा गया.

इसके अलावा घाटों पर सफाई भी करायी गयी. अंचल के मुख्य सफाई निरीक्षक संजीव वर्मा ने बताया की भद्रघाट व गायघाट पर प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ. विसर्जन के उपरांत विशेष सफाई अभियान चला कर मूर्तियों के अवशेष एवं पूजन सामग्री निकालने और उनकी गहन सफाई सुनिश्चित करने का कार्य शुरू किया गया. पटना सिटी अंचल मे भी घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

# वैशाली में नशामुक्त बिहार अभियान का मुख्यमंत्री 27 को करेंगे शुभारंभ

**हाजीपुर ( आससे ) ।** मुख्यमंत्री द्वारा 27 अक्टूबर को पटना के अधिवेशन भवन में राज्यव्यापी नशामुक्त बिहार अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। 26 नवंबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत वैशाली में जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह के नेतृत्व में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला प्रशासन विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और गतिविधियों के अनुश्रवण पर विशेष ध्यान देगा। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। शुभारंभ के अवसर पर जिले के चयनित कॉलेज या छात्रावास में कार्यक्रम होगा, जिसमें विद्यार्थी और जिला स्तरीय पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से जुड़ेंगे और नशामुक्ति की शपथ लेंगे। जिले में अभियान चार चरणों में चलेगा। प्रथम चरण 27 से 31 अक्टूबर तक 'नगर की प्रतिज्ञा', द्वितीय चरण 1 से 7 नवंबर तक 'गाँव का संकल्प', तृतीय चरण 8 से 16 नवंबर तक 'पर्व और परिवार' और चतुर्थ चरण 17 से 25 नवंबर तक 'युवा जोश' के तहत जागरूकता गतिविधियां होंगी। डीएम ने संदेश को हर वर्ग तक पहुंचाने पर जोर दिया है।

## पिस्तौल दिखाकर सोने की चेन और नकदी छीनी

**राजापाकर।** थाना क्षेत्र के पोखरैरा गांव निवासी जफर हसन खान के पुत्र फिरोज खान ने पिस्तौल का भय दिखाकर सोने की चेन और पैसा छीनने का आरोप लगाते हुए राजापाकर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसमें एक नामजद समेत तीन-चार अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। फिरोज खान ने बताया कि वह चचेरे भाई जैद खान के साथ शुक्रवार शाम करीब साढ़े चार बजे सब्जी खरीदने भलुई हाट जा रहा था।